Title : Need to declare Bihar as a Backward State.

श्री सुकदेव पास्वान : महोदय, बिहार राज्य को पिछड़े राज्य का दर्जा दिया जाए क्योंकि बिहार की जो स्थिति है और जिस ढंग से आजादी के बाद उसका विकास होना चाहिए था, उस ढंग से विकास नहीं हो पाया। बिहार में सड़कों का अभाव है, बिजली का अभाव है, किसानों के लिए सिंचाई का अभाव है, वहां पर एससीएसटी बच्चों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों के बच्चों की पढ़ाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है और गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वालों की पूरे हिन्दुस्तान में जितनी संख्या है, उसके प्रतिशत के हिसाब से बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाले लोग हैं। बिहार से प्रतिवर्ष लाखों लोग रोजगार के लिए पलायन करते हैं। वहां बेरोजगारी की समस्या है, इसलिए बिहार राज्य पिछड़ा राज्य घोषित किया जाए ताकि जो अन्य विकसित प्रदेशों की कैटेगरी में बिहार प्रदेश भी आकर खड़ा हो सके। जब तक हिन्दुस्तान के सभी प्रदेश समान रूप से विकसित नहीं होंगे, तब तक भारत को जिस रूप से मजबूत होना चाहिए, उस रूप से मजबूत नहीं होगा।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के आग्रह करना चाहूंगा कि बिहार राज्य को निश्चित रूप से पिछड़ा प्रदेश घोषित किया जाए।

श्री राम कृपाल यादव : उपाध्यक्ष महोदय, इन्होंने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are allowed to associate.

Dr. Ramachandra Dome - not present;

Shri Chandrakant Khaire -- not present;

Adv. P. Satheedevi -- not present;